तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4


इस साल शहर सहित आउटर में विलुप्त प्रजाति सहित 3 हजार सर्पों का किया गया रेस्क्यू

## खबर संक्षेप

### चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, कटघोरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, पर्यावरण चेतना और नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्नव चटर्जी मुख्य क्षेत्रिय प्रबंधक बिलासपुर, राहुल रमन एमआईएस, शुभम पायरा विक्रय अधिकारी, मनोज अग्रवाल गोमती फ्यूल्स कटघोरा, अजय धनोंदिया अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा व अंजू प्रभाकर अधीक्षिका के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मनोज अग्रवाल के द्वारा छात्राओं को प्रतियोगिता के नियम बताए गए और उन्हें स्वच्छ भारत, हरित भारत, ऊर्जा संरक्षण तथा नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

### डीईएएफ खातों के त्वरित निपटान के लिए मेगा कैम्प

**कोरबा।** वित्तीय सेवा विभाग एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार आपकी पूँजी आपका अधिकार के अंतर्गत वित्तीय विभागों में 10 वर्षों से अधिक निष्क्रिय एवं दावा रहित (अनक्लेम्ड) डीईएएफ खातों के सक्रिय एवं त्वरित निपटान हेतु शुक्रवार 24 अक्टूबर को सियान सदन, घंटाघर - बुधवारी रोड कोरबा में वृहत कैम्प का आयोजन लीड बैंक कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक कोरबा के द्वारा किया गया। इस कैम्प में विशेष रूप से सभी बैंकों, भारतीय जीवन बीमा एवं एस बी आई लाइफ के द्वारा इस मुहीम को सफल बनाने का सार्थक प्रयास किया गया। इस कैंप में भारतीय स्टेट बैंक लीड बैंक मैनेजर के साथ क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री मृत्युंजय वर्मा, आई टी आई रामपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री रामेश्वर कुमार, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आशीष कुमार सिंह एवं जिला पंचायत कार्यालय के डीपीएम चिराग ठक्कर उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में 24 से

**कोरबा।** पहली बार, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग, तथा साइक्लिंग (मेडल स्पोर्ट्स) और खो-खो (डेमोंस्ट्रेशन) पांचवीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का हिस्सा होंगे। पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के सात शहरों में 24 नवंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसमें 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट (खो-खो) में प्रतियोगिताएँ होंगी। इसी साल कुछ समय पहले में बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरह, यूनिवर्सिटी गेम्स भी राजस्थान के सात शहरों जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर—में आयोजित होंगे। इस 12 दिनों के यूनिवर्सिटी आयोजन में 5 हजार से अधिक एथलीटों के आने की उम्मीद है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ग्राम उतरदा के शासकीय माध्यमिक शाला बालक कन्या विद्यालय में मेगा पीटीएम में पालकों की उपस्थिति एवं छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को द्वितीय मेगा पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल उपस्थित रहे। मेगा सम्मेलन में उपस्थित पालकों को विद्यालय द्वारा उनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गयी। पालकों को अपने बच्चों का शैक्षिक स्तर की जानकारी हुईं। विधायक श्री पटेल द्वारा पालकों को बच्चों के अध्ययन मे सहयोग करने एवं शिक्षा के क्षेत्र मे शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गयी।

# एसईसीएल में पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एसईसीएल एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफ़ओ) के संयुक्त तत्वाधान में पेंशनभोगियों के लिए इस वर्ष डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डीएलसी 4.0 विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार नवंबर 2025 के दौरान एसईसीएल मुख्यालय सहित सभी संचालन क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि पेंशनभोगियों को सुविधा मिल सके और पेंशन का नियमित भुगतान निर्बाध रूप से जारी रह सके। डिजिटल जीवम प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एसईसीएल मुख्यालय में 4 नवंबर से 28 नवंबर तक शनिवार एवं रविवार को छोड़कर विशेष शिविर लगाया जाएगा। वहीं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कोरबा क्षेत्र में 4 से 5 नवंबर, रायगढ़ क्षेत्र में 6 से 7 नवंबर, गेवरा क्षेत्र में 10 से 11 नवंबर, कुसमुण्डा क्षेत्र में 12 से 13 नवंबर, जमुना-कोतमा क्षेत्र में 13 से 14 नवंबर, चिरमिरी क्षेत्र में 17 से 19 नवंबर, बैकुंठपुर क्षेत्र में 20 से 21 नवंबर, भटगांव क्षेत्र में 5 नवंबर, बिश्रामपुर क्षेत्र में 6 नवंबर, हसदेव क्षेत्र में 10 से 12 नवंबर, सोहागपुर क्षेत्र में 10 से 11 नवंबर तथा जोहिला क्षेत्र में 12 से 13 नवंबर तक रहेगा। शिविरों में पेंशनभोगी निःशुल्क अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। पेंशनभोगियों को शिविर में पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ), बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपने साथ लाना आवश्यक होगा। एसईसीएल प्रबंधन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने नजदीकी शिविर में जाकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अवश्य जमा करें, ताकि पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए। जीवन प्रमाण पत्र जमा न करने पर पेंशन भुगतान अस्थायी रूप से रोक दिया जा सकता है।

**डीएलसी 4.0 अभियान के तहत पेंशनभोगी जमा करा सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र**

**खास बातें**

- बनाए जाएंगे डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र
- चलेगा डीएलसी विशेष अभियान






## आज से सहकारी समितियों में पसर जाएगा सन्नाटा, अनिश्चितकालीन हड़ताल

# सहकारी समिति कर्मी आज से जाएंगे हड़ताल पर, प्रभावित होगी धान खरीदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के एक पखवाड़े पूर्व सोमवार से सहकारी समिति परिसर में सन्नाटा पसर जाएगा। छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल की वजह से सभी समितियों में तालाबंदी हो जाएगी। इससे खरीदी को लेकर चल रही सभी तरह की तैयारियां ठप्प हो जाएगी।

**खास बात**

- चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ कर रहा चरणबद्ध आंदोलन

चार सूत्रीय मांगों को लेकर छग सहकारी कर्मचारी संघ पिछले 27 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। इस आंदोलन की पहली कड़ी जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। दूसरे चरण में रायपुर में आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा गया और अब तीसरे चरण में 3 नवंबर से सभी सहकारी समितियों में अनिश्चितकालीन समय के लिए तालाबंदी कर दी जाएगी। इस तालाबंदी आंदोलन से 15 नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी के लिए समिति स्तर पर चर रही तैयारियां ठप्प हो जाएंगी। जो बीते एक पखवाड़े से प्रशासन के दिशा निर्देश पर समितियों में चल रही थी। इस तालाबंदी आंदोलन का परिणाम यह निकलेगा कि समितियों में जिस तरह के पंजीयन जैसे काम चल रहे हैं वह भी बंद हो जाएंगे।


कलेक्टोरेट में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने किया बहिष्कार। (फाइल फोटो)

**कैसे सुधरेगा राजस्व रिकार्ड**

एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के दौरान जो खामियां सामने आयी थी उस राजस्व रिकार्ड में सुधार के लिए समितियों में किसानों को 30 नवंबर तक सुधार कार्य का शासन ने समय दिया है जो 3 नवंबर से बंद हो जाएगा। 31 अक्टूबर तक एग्रोटेक पोर्टल में अंतिम तिथि तय की गई थी जो समाप्त हो चुकी है। इस पंजीयन के दौरान जो भी खामियां थी राजस्व रिकार्ड में उसमें सुधार के लिए समिति में समय दिया गया था। समिति में चलने वाले च्वाईस सेंटर से ये सुधार कार्य किया जाता है जो अब सोमवार से समितियों की कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से बंद हो जाएगा जो किसानों के सामने एक बड़ी परेशानी के रुप में सामने आएगा।

**पुराने किसान पत्रिका में दर्ज है हिन्दी में खसरा नंबर**

पुराने किसान पत्रिका में किसानों के जमीनों के खसरा नंबर उस समय के हिन्दी के अंकों में दर्ज है जो वर्तमान में भुईयां साफ्टवेयर में मेल नहीं खा रहा है क्योंकि वर्तमान में नई किसान पत्रिका आने के कारण खसरा नंबर भी अंग्रेजी के अंकों में दर्ज है। ऐसी स्थिति में किसानों को खसरा नंबर को ही नए तरीके से सुधारा जा रहा है। तब जाकर उनका एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन हुआ है।

**ये है मांग**

- सहकारी समितियों में आउटसोर्सिंग से डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती बंद कर पूर्व में कार्यरत ऑपरेटरों का नियमितिकरण किया जाए।
- प्रदेश के सहकारी समिति के कर्मचारियों को वेतनमान देने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए।
- धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में सूखद मान्य कर उसकी राशि समितियों को दी जाए। प्रदेश सरकार की भांति पीडीएस दुकान दारों को प्रति माह 3 हजार रुपए दिया जाए।
- पांडे कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार संस्था के दैनिक कर्मचारियों को समिति की सीधी भर्ती में प्राथमिकता एवं बोनस अंक अनिवार्य किया जाएगा।

# पशु ट्राली में नेताओं के कटआउट का परिवहन पड़ा महंगा, तीन को नोटिस



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य के स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर ओपन थिएटर में 2 से 4 नवम्बर तक होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, श्रम मंत्री आदि के कट आउट को लगाने के लिए इनका परिवहन पशु ट्राली में किए जाने के मामले को निगम आयुक्त ने गंभीरता से लिया है।

**खास बात**

- निगम आयुक्त ने 48 घंटे के भीतर मांगा जवाब

ऐसा दूसरी बार हुआ है, 11 सितम्बर को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था। जब नेताओं के कट आउट पशु ट्राली में ढोए गए हों। पहली बार चेतावनी दी गई थी, किंतु दूसरी बार वही गलती दोहराने पर आयुक्त ने इन अधिकारियों से 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। जवाब संतोषप्रद ना होने पर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निगम के उप अभियंता अश्विनी दास को राज्योत्सव स्थल पर होर्डिंग लगाने का दायित्व सौंपा गया है। स्वच्छता निरीक्षक रविंद्र थवाईत पशुओं वाले काऊ कैचर वाहन के प्रभारी हैं और उप अभियंता अभय मिंज निगम के वाहन शाखा में वाहनों की मॉनिटरिंग करने के प्रभारी हैं। इन तीनों की जानकारी में पशु ट्राली में नेताओं के कट आउट एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाये गए। इनका यह कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही वाला माना गया है और छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत उल्लंघन मानते हुए इन्हें कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इन तीनों अधिकारियों को 48 घंटे का समय निगम ⏭ शेष पेज 3 पर

# आऊटसोर्सिंग कंपनियों की मनमर्जी के खिलाफ भूविस्थापितों का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हर गांव के भूविस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं और दूसरे जिले और प्रदेश से आऊट सोर्सिंग कार्यों में भर्ती जारी है। स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार में रखने की मांग के बाद भी बड़े पैमाने पर आऊट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा मनमानी किया जा रहा है, जिसका विरोध करने का निर्णय छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ ने लिया है और 3 नवंबर को कुसमुंडा महाप्रबंधक के सामने विरोध कर जवाब मांगेंगे।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हजारों भूविस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं और प्रबंधन आऊट सोर्सिंग कंपनियों के साथ सांठ गांठ कर रोजगार को बेचने का काम कर रही है, जिसका विरोध उनके द्वारा किया जाएगा। कुसमुंडा और गेवरा में होने वाले कार्यों में प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है जिसका विरोध की शुरवात 3 नवंबर को कुसमुंडा में किया जाएगा उसके बाद गेवरा में भी विरोध की तैयारी है।

**खास बात**

- एसईसीएल कुसमुंडा खदान में कार्यरत निजी कंपनियों का मामला

भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के रेशम यादव और दामोदर श्याम ने कहा कि जिनकी जमीन गई है उन्हें न तो स्थाई रोजगार मिल रहा है न ही उनके परिवार को आऊट सोर्सिंग में काम। सभी के हक को बेचा जा रहा है इस सभी का हिसाब मांगने के लिए आज जीएम कुसमुंडा से जवाब मांगने के लिए जाएंगे।

# शिक्षक संगठनों ने सेवा पुस्तिका सत्यापन के नाम पर शिक्षकों से वसूली का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल शिक्षा विभाग के कुछ विकासखंण्डों में शाखा प्रभारी बाबुओं के द्वारा सेवा पुस्तिका के सत्यापन हेतु शिक्षकों से तीन-तीन हजार रूपये की मांग अधिकारियों के सह पर की जा रही है जबकि अधीनस्थ सभी मातहत कर्मचारियों, शिक्षकों की सेवा पुस्तिका स्थानीय या संभागीय कोष एवं लेखा संपरीक्षा से सत्यापन का कार्य आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का पूर्ण जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि कर्तब्य भी है।

जिले के कई विकास खण्डो में सेवा पुस्तिका सत्यापन के नाम पर लगातार उगाही जारी है। उगाही से शिकार प्रभावित शिक्षकों के द्वारा संगठन के पदाधिकारी को लगातार इसकी मौखिक एवं लिखित शिकायत एवं सूचना प्राप्त हो रहे हैं, तत संबंध मे संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों से चर्चा करने पर हमें ज्ञात नहीं कह कर समान्यतया आसानी से मामले को टाल दिये जाते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग मे सुरसा की तरह फैले रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार एवं हो रही नियम विरुद्ध, गैर विधिक कार्यो पर नकेल कसने के लिए उच्च स्तर पर शिकायत करने की तैयारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरबा के महासचिव ओमप्रकाश बघेल एवं छग शिक्षक संघ संभाग के संभागीय अध्यक्ष एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव तरुण राठौर एवं पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों से अपील की गई है कि किसी भी कार्य के एवज में किसी भी अधिकारी या मातहत/ मध्यस्त कर्मचारी को राशि न दें, यदि ऐसे कोई परिस्थितियां निर्मित होती है तो तत्काल संघ के पदाधिकारियों को जानकारी दें। ताकि संबंधित कर्मचारी या अधिकारी पर कार्यवाही की जा सके।



फाइल फोटो

## परसाखोला नाला में पुल निर्माण को लेकर नहीं बन रही कोई कार्ययोजना

# बरसात में पहुंचविहीन हो जाते हैं जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर के चार गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाले में पुल निर्माण नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर के चार गांव बरसात में पहुंचविहिन की श्रेणी में आ जाते हैं। जबकि वर्तमान में ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में पुल पुलिया निर्माण को लेकर डीएमएफ से एक बड़ी राशि विभागों से मिले प्रस्ताव के आधार पर जारी हो रही है उसके बावजूद परसाखोला नाला में पुल निर्माण के संबंध में जनपद स्तर से कुल कार्ययोजना नहीं बन सकी है और न ही सेतु निगम की ओर से कोई ऐसा प्रस्ताव तैयार हुआ है।



परसाखोला क्षेत्र का सबसे प्रसिद्ध पिकनिक स्पाट है। परसाखोला नाले में पानी का भराव होने से झरने के रुप में बहने के कारण पिकनिक मनाने के लिए वर्षभर लोग पहुंचते रहते हैं। किंतु उक्त नाले में एक पुल निर्माण की जरुरत लंबे अर्से से महसूस की जा रही है। इसे लेकर कई बार पंचायत और जनपद स्तर पर भी चर्चा हुई लेकिन प्रस्ताव नहीं बनने के कारण पुल निर्माण के संबंध में राशि भी जारी नहीं हो सकी। परसाखोला नाले में पुल निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में बाढ़ आने के कारण टापरा, सुवाधार, मुढ़र्धवा, नरबदा एवं दो अन्य गांव पहुंच विहिन गांव की श्रेणी में आ जाते हैं। हालांकि ऐसे गांव की संख्या प्रशासन के टोपोशीट में नगण्य है लेकिन जिला मुख्यालय से महज 30 किमी की दूरी पर केवल एक नाले में पुल निर्माण नहीं होने के कारण चार गांव तक बारिश में पहुंचना मुश्किल हो जाता है। यह एक समस्या इन चार गांव के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के सामने प्रमुख रुप से आती है।

**धनगांव के पुलिया से बहता है पानी**

बरसात के दिनों में अजगरबहार से 12 किमी दूर धनगांव पहुंचने के लिए बरसाती नाले के उपर एक छोटी पुलिया का निर्माण किया गया है। जिसमें बरसात के समय पानी पुलिया के उपर से बहता है। कभी कभार आसपास के खेतों में जलभराव अधिक होने से पुलिया के उपर एक से डेढ़ फुट पानी बहने के कारण छोटी गाड़ियों का निकलना मुश्किल हो जाता है। धनगांव संकुल अंतर्गत पोढ़ी खोवा, कोरियाघाट, तराईमार जैसे गांव आते हैं। जहां के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को आने जाने में पदस्थ होती है। पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने के लिए पंचायत की ओर से प्रस्ताव भी दिया गया है जो जनपद तक ही सीमित है।

### फार्म हाउस में चोरी मामला दर्ज

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोंगरा बस्ती निवासी पंचराम उम्र 64 वर्ष पिता स्व० सुन्दर साय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 अक्टूबर की रात 10 बजे ग्राम देवरी के खेत में उसके फार्म हाऊस में सोने के लिये गया था तो देखा कि रूम का दरवाजे में ताला नहीं था और सामने सिटकिनी बंद था तभी में दरवाजा को खोल कर देखा तो एलईडी टीवी. डी.डी डायरेक्ट का रिसिवर और 3 नग सब्बल और टार्च नहीं था। इस बारे में पंचराम ने अपने घर में बच्चों को बताया तो मोहल्ले में खोजबीन किए तब पता चाला कि उसी गांव में निवासरत समीर कुमार और मनमोहन चौहान के द्वारा चोरी किया गया है। पंचराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने समीर कुमार और मनमोहन चौहान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय राज्योत्सव में आज के कार्यक्रम

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन पुलिस परेड मैदान में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। जिला स्तर पर राज्योत्सव का आयोजन इस बार तीन दिवस का होगा। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई गई है। विभागीय प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के 25 सालों की विकास यात्रा को दिखाया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम के बेहतर एवं सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारी पहले ही सौंपी दी थी। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों की सुविधा एवं समन्वय के लिए कलेक्टर ने लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। कार्यक्रम के पहले दिन 2 नवम्बर को स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। लोक मंच हिलेन्द्र ठाकुर की प्रस्तुति, आंचल पाण्डेय का कत्थक नृत्य, जीजीयू का उमंग बैण्ड की प्रस्तुति, बालमुकुंद पटेल का भरथरी गायन एवं रेखा देवार का छत्तीसगढ़ी गायन तथा इण्डियन रोलर बैण्ड की प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। दूसरे दिन 3 नवम्बर को शाम 5 से 6.30 बजे तक स्कूली बच्चों का कार्यक्रम होगा। 6.30 बजे से 7 बजे तक दिनेश गुप्ता का पण्डवानी गायन, शाम 7 से 7.30 बजे तक अनिल गढ़ेवाल का गेड़ी नृत्य, रात 7.30 से 8.30 बजे तक तनिष्क वर्मा का गायन, साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक बासन्ती वैष्णव का कत्थक नृत्य और रात्रि 9.30 बजे से 11 बजे तक ऐश्वर्या पण्डित बॉलीबुड का गायन होगा। समापन 4 नवम्बर को होगा।

### ट्रेलर ने 5 मवेशियों को कुचला, 3 की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने सड़क में बैठे 5 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 3 की मौत हो गई है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, रविवार को सुबह 9.30 बजे जाली ब्रिज के उपर मवेशी बैठे हुए थे। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एएक्स, 2475 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 5 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे मे 3 की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर लिया है।

### हथकड़ी खोलकर दो आरोपी भागे, नहीं पकड़ पाई पुलिस

**बिलासपुर।** पुलिसकर्मियों की लापरवाही से तहसील कार्यालय से दो आरोपी हथकड़ी खोलकर भाग गए हैं। दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, शुक्रवार को देर रात संदिग्ध रूप से घूमते तेलसरा निवासी मोहन, साहिल को पकड़ा गया था। शनिवार को दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज, जयप्रकाश डहरिया दोनों को हथकड़ी लगाकर बिल्हा तहसील कोर्ट में पेश करने गए थे। इस दौरान उनके परिजन भी तहसील कोर्ट में आ गए थे। बातचीत के दौरान दोनों आरोपी हाथ से हथकड़ी खोलकर भाग गए। सूचना पुलिस चकरभाठा पुलिस दोनों युवकों के पतासाजी में जुटी हुई थी। आलम यह है कि दूसरे दिन भी पुलिस दोनों आरोपियों को नहीं खोज पाई है। आरोपियों के भागने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

### मोबाइल फोन के लिए बहु ने की सास की पिटाई, अपराध दर्ज

**लखनपुर।** मोबाइल फोन को लेकर बहु ने सास की बेदम पिटाई कर दी। इस मारपीट से घायल वृद्धा ने घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बहु के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। ग्राम टपरकेला निवासी 60 वर्षीया सुखमनिया पति मसतराम ने अपना मोबाइल फोन घर में कहीं रख दिया था लेकिन बाद में खोजने पर मोबाइल फोन नहीं मिला। तीन से चार दिनों बाद बुजुर्ग महिला का मोबाइल फोन घर में ही टूटे फूटे अवस्था में मिला। ऐसे में जब बुजुर्ग महिला ने अपनी मझली बहु सीमा सिंह से मोबाइल को लेकर पूछताछ की तो उसने आक्रोशित होकर अपनी बुजुर्ग सास के साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इस घटना वृद्धा सुखमनिया को गंभीर चोट आई है।

---

**सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर में भी समस्या**

**एक साथ बिजली बंद होने से कई स्थानों पर नहीं पहुंच पाता अमला**

# लाइनमैनों की कमी से जूझ रहा बिजली विभाग, वेतन कम मिलने से कई ने छोड़ा काम

**बिलासपुर।** शहर और ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन बिजली बंद की परेशानी से लोग हलाकान हो गए हैं। वहीं लाइनमैन की कमी से बिजली विभाग के अफसर भी जूझ रहे हैं, जिसके कारण एक साथ कई स्थानों पर बिजली बंद के कारण अमला समय पर नहीं पहुंच पाता है।



सेन्ट्रल के साथ स्टेट के कई विभाग में अब सरकारी कार्यों को ठेके पर दे दिया गया है, जहां सरकारी कर्मचारी से ज्यादा ठेकेदार और उनके कर्मचारी दिखाई देते हैं। इसी तरह का हाल बिजली विभाग का भी हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना से पहले बिजली विभाग में दफ्तर में बैठने वाले कर्मचारियों से लेकर बिजली बंद की परेशानी को दूर करने और सुधारने के लिए भी कर्मचारी सरकारी हुआ करते थे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बनने के बाद बिजली विभाग में सारे कार्य ठेकेदारों के भरोसे दे दिया गया। फ्यूज कॉल में बैठने वाले आपरेटर, बिजली बिल का भुगतान करने के लिए एटीपी मशीन के आपरेटर सहित किसी भी स्थान पर यानि सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर के अलावा अन्य स्थानों पर बिजली बंद की समस्या को दूर करने के लिए भी लाइनमैन अब ठेकेदार के कर्मचारी हो गए हैं। यह कर्मचारी शहर के साथ ग्रामीण एरिया के फ्यूज कॉल दफ्तर में दिखाई देते हैं। ठेकेदार के भरोसे सारे कार्यों को देने के बाद सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को भी किसी बात की चिंता नहीं रहती है। इन कर्मचारियों की संख्या इतनी कम है कि शहर और ग्रामीण में अगर एक साथ कई स्थानों पर बिजली बंद की समस्या हो जाए, तो एक अमले को दूसरे स्थान पर पहुंचने तक घंटों समय लग जाता है। इसके कारण लोग भी काफी परेशान हो रहे हैं।

### नियमितीकरण की मांग

ठेकेदार के कर्मचारियों की स्थिति काफी खराब है। ठेकेदार विभाग से एक-एक कर्मचारी को देने के लिए 20 से 25 हजार रुपए वेतन देने की राशि लेने के बाद उन्हें 12 से 15 हजार रुपए देता है। कई बार कर्मचारियों को वेतन के लिए भी ठेकेदार के चक्कर काटने पड़ जाते हैं। इसकी वजह से कर्मचारी कहीं बिजली बनाने जाते हैं तो खर्चा पानी की मांग करते हैं। कई कर्मचारियों ने तो वेतन कम होने के कारण भी काम छोड़ दिया है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने कई बार शासन प्रशासन के पास जाकर नियमित करने मांग भी की है, जहां उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता है।

### घूमती है केवल एक गाड़ी

श्याम टॉकीज फ्यूज कॉल में बैठने वाले कर्मचारियो और अधिकारियों का कहना है कि लाइनमैन के साथ अन्य उपकरणों की भी काफी कमी है। सब स्टेशन के साथ कहीं ट्रांसफार्मर और लाइन में अगर फॉल्ट की समस्या आती है या फिर एक साथ कई स्थानों पर बिजली बंद की शिकायत होती है तो उसे सुधारने के लिए समय लग जाता है। इसका कारण है कि विभाग ने केवल एक गाड़ी दिया है, जिसमें ठेकेदार के तीन लाइनमैनों को घूमना पड़ रहा है।

### समस्या तो है

शहर के साथ ग्रामीण एरिया के फ्यूज कॉल दफ्तर में लाइनमैन और अन्य कर्मचारियों की कमी से समस्या तो है। इसके लिए शासन को पत्र भी लिखा गया है, जल्द ही इसपर कार्य किया जाएगा।

**-एके अम्बष्ठ**
ईडी, बिलासपुर रीजन

---

**कदम-कदम पर दुर्घटना की आशंका, ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन**

# सड़क पर गड्ढे नहीं, गड्ढों पर है सड़क चलना मुश्किल, हो रहीं दुर्घटनाएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

जूना बिलासपुर मस्जिद के सामने वाली सड़क की हालत जर्जर के कारण व्यापारियों के अलावा राहगीर तो परेशान हैं। इसके अलावा ज्वाली नाले के ऊपर भी सीसी रोड बनाई गई है, जहां कदम-कदम पर गड्ढों के साथ शाम होते ही अंधेरा छाने के कारण गाड़ियां लेकर चलना मुश्किल हो गया है। इसकी जानकारी होने के बाद भी प्रशासन सड़क बनाना तो दूर मरम्मत की ओर भी ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

शहर में सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है, जहां गाड़ियां लेकर जाने वाले लोग काफी परेशान हो चुके हैं। गली-मोहल्लों से लेकर चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों का हाल ऐसा हो गया है कि कुछ दूर तक सड़क सपाट रहती है इसके बाद गड्ढों की शुरुआत हो जाती है। इसी तरह का हाल बिलासपुर शहर के मुख्य मार्ग मानसरोवर चौक से लेकर गांधी चौक के बीच की है। मानसरोवर से लेकर हनुमान मंदिर के बीच की सड़क संकरी है। इस सड़क पर भक्त कंवरराम कपड़ा मार्केट के कारण गाड़ियां सड़क के बीच में खड़ी रहती है। इसके उपरांत हनुमान मंदिर से लेकर जूना बिलासपुर मस्जिद के सामने से लेकर गांधी चौक तक की सड़क में चलना लोगों के लिए दुभर हो गया है। गड्ढे.इतने बड़े हैं, जिसमें बारिश के मौसम में पानी भरने से उसका पता नहीं चल पाता है। यहां प्रतिदिन गाड़ियों का गिरना आम बात हो चुकी है। इसी तरह का हाल ज्वाली पुल का भी हो गया है।

**जूना बिलासपुर की सड़क नहीं सुधरी**



जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क।

पुराने मनोहर टॉकीज के पहले बने ज्वाली पुल से लेकर बृहस्पति बाजार और राजेन्द्र नगर चौक तक नाले के ऊपर सीसी रोड का निर्माण कार्य किया गया है, ताकि शहर की मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो सके। यह सड़क तो लोगों की सुविधा के लिए बन गई, लेकिन कुछ दिन बाद सड़क की हालत खराब होनी शुरु हो गई। तेलीपारा पुराने जगत दाल मिल से लेकर मध्यनगरीय चौक होते हुए मिशन हॉस्पिटल तक ज्वाली नाले के ऊपर बने रोड का हाल ऐसा हो गया है, जहां कदम-कदम पर गड्ढों के कारण चार पहिया तो दूर बाइक लेकर जाने वाले लोग भी काफी परेशान हो चुके हैं।

### मध्यनगरीय से मिशन हास्पिटल चौक

ज्वाली नाला पर सड़क का निर्माण कार्य मध्यनगरीय चौक से लेकर मिशन हास्पिटल चौक तक भी किया गया था। इस सड़क पर जूनी लाइन के अलावा ईदगाह चौक की ओर आने-जाने वालों के लिए मार्ग निकाला गया, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो सके। इसकी हालत वर्तमान में काफी खराब हो चुकी है। मुख्य रूप से जूनी लाइन छाता वाले की दुकान से ज्वाली नाले की ओर आने वाली रोड पर लोगों को बच बचकर चलना पड़ रहा है।

### चक्काजाम करेंगे आज



जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क को लेकर व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने चक्का जाम करने का निर्णय ले लिया है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि पुराने श्याम टॉकीज से लेकर गांधी चौक की हालत काफी खराब होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क खराब के कारण दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय व्यापारियों के अलावा नागरिकों में चंदूलाल जकयानि, अखिलेश गुप्ता, आनंद साहू, करण रामचंदानी, शिवम, गुरुभक्ष जैसवानी, भरत देवांगन, किशोरी शरण गुप्ता, रशेष गुप्ता, सुरेश देवांगन, राजेश ठाकुर, विपुल पटेल सहित अन्य लोगों ने सोमवार को चक्का जाम का फैसला लिया है, ताकि प्रशासन का ध्यान उनकी ओर जा सके।

### जवाली नाले में डामरीकरण

इसी तरह ज्वाली नाले के ऊपर बने तेलीपारा जगत दाल मिल चौक से लेकर मध्यनगरीय चौक के बीच की हालत काफी खराब हो चुकी थी। मध्यनगरीय चौक से तेलीपारा की ओर आने वाले रास्ते पर थोड़ी दूर के उपरांत गड्ढों को भरने के लिए डामरीकरण का कार्य किया गया था। डामरीकरण के बाद इसकी हालत में कुछ सुधार होने से राहत तो मिली। एक माह बाद वहां पहले की तरह गड्ढे. हो गए।

---

**एक्टिवा सवार युवकों ने कार को मारी टक्कर**

# दो युवकों ने पत्नी के सामने अधिवक्ता से की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

शादी में शामिल होने जा रहे अधिवक्ता की कार को एक्टिवा सवार दो युवकों ने टक्कर मार दी। वे कार से बाहर निकले तो युवकों ने पत्नी के सामने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



- शादी में शामिल होने जा रहे थे दंपती

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा निवासी अधिवक्ता अमन पाण्डेय पिता अजय पाण्डेय 1 नवंबर को अपनी कार क्रमांक सीजी 07 सीएस, 9483 में अपनी पत्नी अनुजा के साथ जा रहे थे। रात 8.30 बजे दिल्ली आईएएस एकेडमी के पास पीछे से काली एक्टिवा सवार दो युवकों ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। कार को रोककर पति पत्नी बाहर निकले तो एक्टिवा सवार युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए उनके साथ गाली गलौज की। गाली देने से मना करने पर युवकों ने जान से मारने की धमकी देते जमकर मारपीट कर दी। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर दोनों युवक एक्टिवा से भाग निकले।

पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 281, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# कार सवार युवक पर नशेड़ी युवकों ने किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बीती रात पेट्रोलपंप में पानी पीने गए कार सवार युवक के साथ नशेड़ी युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



प्रार्थी।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड एसबीटी कालेज गली नम्बर 5 निवासी रितेश कौशिक रेत गिट्टी का व्यवसाय करते हैं। 2 नवंबर की रात 12.30 बजे वे अपने दोस्त राहुल राजपूत के साथ कार से घर जा रहे थे। मंगला पेट्रोल पंप के पास कार खड़ी कर पानी पीने जा रहे थे। इसी दौरान एक नशेड़ी युवक पंप में गाली गलौज कर रहा था। वे पानी पीने गए नशेड़ी युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उनका कालर पकड़कर मारपीट करने लगा। रितेश ने उसे धक्का देकर पकड़ा तो उसने आवाज लगाकर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। युवकों ने उनके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। इसी दौरान एक युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया है, जिससे उनके सीने व हाथ में चोट आई है। मारपीट की वारदात पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने रितेश की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### भाई बहन व जीजा पर चाकू से हमला



आरोपी।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी राजा हिमांचल गंधर्व ने रिपोर्ट लिखाई। 1 नवंबर की रात 9 बजे वे परिवार के साथ मोहल्ले के गौरा गौरी पूजा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात 10 बजे सुमीत पाण्डेय उर्फ शेट्टी महराज आया उनके जीजा सोनू से कल विवाद क्यों किए थे कहकर गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह उनकी पत्नी दुर्गा गंधर्व, दीदी शारदा बीच बचाव करने गईं तो उन पर भी चाकू से हमला कर दिया गया।

### पत्नी ने पति पर किया चाकू से हमला

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विवेकानंद कालोनी गली नम्बर 7 निवासी धनेश बघेल ने रिपोर्ट लिखाई, 1 नवंबर रात 2.20 बजे घर में थे। इसी दौरान उनकी पत्नी आंचल बघेल, उनकी पहचान की शीला बघेल तुम्हारा कई लड़कियों से प्रेम प्रसंग है कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की। उनकी पत्नी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई है।

---

# पुलिस क्वार्टर में जुआ खेलते दो आरक्षकों के बीच मारपीट

**बिलासपुर।** रात्रि गश्त करना छोड़ पुलिसकर्मी सिविल लाइन थाना के पीछे एक पुलिस क्वार्टर में जुआ खेल रहे थे। बीती रात पत्ता लगाने की बात पर दो आरक्षकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। बताया जाता है एक आरक्षक ने दूसरे को उठाकर पटक दिया, जिससे उसके चहेरे में चोट आई है। कार्रवाई के डर से रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

सूत्रों के मुताबिक दीपावली के पहले से सिविल लाइन थाना के पीछे एक पुलिस क्वार्टर में रात्रि गश्त करने की बजाए पुलिसकर्मी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। बताया जाता शनिवार की रात वहां शराबखोरी करने के बाद पुलिसकर्मी जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान पत्ता लगाने की बात को लेकर दो आरक्षकों के बीच विवाद हो गया। दोनों एक दूसरे के साथ गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान एक आरक्षक ने नशे में आक्रोशित होकर दूसरे आरक्षक को उठाकर पटक दिया, जिससे उसके चेहरे में चोट आई और खून बहने लगा। उसके बाद दोनों आरक्षक के बीच जमकर हाथापाई हुई है। कार्रवाई के भय से पुलिसकर्मियों के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।



### पूर्व में भी पकड़े गए थे पुलिसकर्मी

पूर्व में तत्कालीन एसपी रतनलाल डांगी ने सिविल लाइन सीएसपी के पीछे बैरक में दबिश देकर पुलिस अधिकारी व आरक्षकों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया था। उन्होंने पुलिसकर्मियों को फटकार लगाते हुए सिविल लाइन थाने से अलग अलग ग्रामीण थानों में तबादला कर दिया था।

### निजी ड्राइवर करता है व्यवस्था

रात 9 बजे के बाद पुलिस क्वाटर में पुलिसकर्मियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। थाने का एक निजी ड्राइवर पुलिसकर्मियों के द्वारा शराब, चखना का व्यवस्था पहले से करके रखता है। शराबखोरी के बाद रात भी पुलिसकर्मियों के द्वारा जुआ खेला जाता है। पिछले एक माह से सिविल लाइन क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय होकर चार बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुक है।

### बाइक में तोड़फोड़ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घूरकर देखने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई है और एक बाइक में तोड़फोड़ कर दी गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, आसमां सिटी निवासी हिमांशु चौहान पिता शेखर सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 1 नवंबर की रात 8.15 बजे वे कल्पना किराना दुकान में सामान लेने गए थे। इसी दौरान विवेक देवांगन पूर्व विवाद की बात को लेकर घूरने लगा। उन्होंने घूरकर क्यों देख रहे हो कहा तो वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगा।

---

**चाची नाका के समीप राजस्व और मंडी विभाग ने की कार्रवाई**

# खरीदी शुरू होने से पहले तस्कर सक्रिय, 2 ट्रक धान जब्त

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर**

धान खरीदी शुरू होने से पहले ही कोचिए और तस्कर क्षेत्र में सक्रिय हो गए है। तस्कर बेखौफ होकर धान का परिवहन कर रहे है ताकि धान का भंडारण कर खरीदी के समय समितियों में खपाया जा सके। पिछले एक सप्ताह के भीतर जिले में आधा दर्जन कार्रवाई हो चुकी है। एक बार फिर से राजस्व विभाग और मंडी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो ट्रक अवैध धान जब्त किया है।

बता दें कि धान खरीदी की तिथि नजदीक आने के साथ ही कोचिए और तस्कर सक्रिय हो गए है और दूसरे राज्यों से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से धान का परिवहन कर उसे भंडारित कर रहे है। इस अवैध धान की बिक्री समितियों में की जाएगी। अवैध धान के परिवहन और खपत को रोकने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में कार्रवाई की जा रही है। इस बीच अवैध धान परिवहन को लेकर चाची बेरियर पर राजस्व और मंडी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान दो ट्रकों में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में दोनों ट्रक चालकों के पास परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर मंडी निरीक्षक की उपस्थिति में दोनों ट्रकों को जब्त कर थाना राजपुर के सुपुर्द किया गया। एक ट्रक में लगभग 800 बोरी तथा दूसरे में 780 बोरी धान भरा हुआ था कुल मिलाकर 1580 बोरी धान जब्त की गई है। जानकारी अनुसार एक ट्रक राजपुर से विश्रामपुर की ओर जा रहा था जबकि दूसरा ट्रक शंकरगढ़ (मानपुर) से ककना की दिशा में जा रहा था। इस मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।



# ओड़िसा से पकड़ा गया गांजा सप्लायर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर**

गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने उड़ीसा से मुख्य तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बता दें कि वाड्रफनगर चौकी पुलिस ने 10 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना पर कोरबा से बनारस जा रही शिव शक्ति महिन्द्रा बस में दबिश दी थी। इस दौरान पुलिस ने देर रात कार्रवाई के दौरान बस में सवार नितीश चंद और दीपक शर्मा से कुल 4 किलो 200 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। पुलिस की पूछताछ में यूपी के मिर्जापुर राजगढ़ नदीहार निवासी 19 वर्षीय नितीश चंद आ. प्रकाश चंद व यूपी सोनभद्र के सुकृत झापडी निवासी 24 वर्षीय दीपक शर्मा आ. जयदेव शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने उड़ीसा से गांजा खरीदकर बिक्री के लिए लेजाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर इस मामले में एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर पुलिस टीम उड़ीसा में बैठे मुख्य सप्लायर की तलाश आकर रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उड़ीसा रवाना हुई थी। पुलिस ने उड़ीसा के कालाहांडी नारला निवासी मुख्य तस्कर भगवान सेठी आ. श्याम सेठी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने फोन पे के माध्यम से 16 हजार रुपए लेकर गांजा बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी भगवान सेठी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### मतदाता पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों कांग्रेस के सभी बीएलएः नत्थूलाल



**कोरबा।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कोरबा द्वारा कोरबा विधानसभा क्षेत्र क्र.21 का मतदान केन्द्रवार प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 नवम्बर की सुबह 11 बजे इंदिरा स्टेडियम टीपी नगर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में रखा गया है । श्री यादव ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया है जिसके तहत हर एक मतदाता से गणना प्रपत्र एन्युमरेशन फॉर्म भरवाना है। कोई भी मतदाता छुटे नहीं इसके लिए कांग्रेस संगठन ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 के सभी 244 मतदान केन्द्रों के लिए बीएलए नियुक्त किये हैं, जिन्हें 3 नवम्बर को राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण का कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे तक आवश्यक रूप से पहुंचना होगा। पूरा कार्यक्रम निर्वाचन आयोग का है जिसमें कांग्रेस के सभी बीएलए पहुंचकर प्रशिक्षण का लाभ लेकर बूथ स्तर पर कार्य करेंगे ।

### पूर्व राजस्व मंत्री ने की श्यामबाबा से जिले व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना



**कोरबा।** बिहार विधानसभा चुनाव के लखीसराय जिला पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश कुमार अनीश के पक्ष में चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। यहां से उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा अपनी चौथी पारी जीत के लिए मैदान में है। इस सीट पर 3 नवम्बर को प्रियंका गांधी का सभा के लिए आगमन होगा। सभा की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इसी सिलसिले में कांग्रेस एआईसीसी पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सभा स्थल जाकर तैयारियों का जायजा लिया। लखीसराय के पुरानी बाजार स्थिल प्रसिद्ध श्याम बाबा मंदिर पहुंचकर माथा टेका और प्रदेश व देश के सुख समृद्धि व सुख शांति की कामना किया। इस अवसर पर राहुल यादव लखीसराय के कांग्रेस पदाधिकारी, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी एवं श्याम बाबा मंदिर समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत के तहत निकाली गई रैली



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में बीते दिनों नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत के तहत रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तथा उनके द्वारा नशा करने से होने वाली दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही आईक्यूएसी प्रभारी डॉ केके दुबे ने युवा पीढ़ी को नशा रूपी जहर से स्वयं के साथ साथ अपने समाज को भी जागरूक करने की बात कही। रैली की शुरुआत प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं द्वारा नारे लगाते हुए की गई। कार्यक्रम को पुरुष कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार दुबे एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस रैली में एनएसएस के स्वयं सेवक और अन्य छात्र -छात्राओं की उपस्थिति ने इस रैली को सफल बनाया।

### छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में मनाया गया छग स्थापना दिवस

**कोरबा।** अंचल के दर्री रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में छत्तीसगढ़ महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ महतारी की आरती एवं छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत से पूजन कार्यक्रम की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति के सुरेश द्विवेदी, रामु पांडे विधिक सलाहकार रजनीश निषाद, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती गीता देवी महंत, संरक्षक श्रीमती कुसुम द्विवेदी, श्रीमती शालू पनरिया, लक्ष्मी महंत सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने को प्रसाद का वितरण भी किया गया एवं छत्तीसगढ़ महतारी की कृपा से अनवरत छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की प्रगति एवं सांस्कृतिक मूल्यों, संस्कृति, पारंपरिक खेलकूद पारंपरिक व्यंजनों एवं लगातार 22 वर्षों से समिति के क्रियाकलापों की जानकारी दी गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पशु ट्राली...

आयुक्त आशुतोष पांडेय ने दिया है। महापौर ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया और उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट मंत्रियों व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ इस तरह की घोरलापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह घोर प्रशासनिक लापरवाही है और उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में जनप्रतिनिधियों के साथ किसी भी तरह से उनके भावनाओं और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य ना किया जाए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

जनमन, सुशासन तिहार, विकसित भारत की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रचार सामग्री का किया गया वितरण

# राज्योत्सवः विभाग के स्टॉल में लोगों को मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी





स्टॉल में योजनाओं की जानकारी लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घन्टाघर चौक स्थित ओपन आडिटोरियम परिसर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न विभागों द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

जिले के 25 वर्ष के विकास प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। जिले के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, युक्तियुक्त करण एवं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे नल, पहाड़ी कोरवाओं के युवा बेरोजगारों को मिली नौकरी के बाद जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव को बताया गया। स्टॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, सुशासन तिहार 2025, सेवा समर्पण सुशासन, नवाचार की योजनाएं, विकसित भारत की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ सहित अन्य ब्रोसर,पाम्पलेट व पत्रिकाओं का वितरण भी आमनागरिको को किया गया। यहाँ से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर युवाओं द्वारा बताया गया कि जनमन जैसी पत्रिका उनके लिए बहुत उपयोगी है। पत्रिका में शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी होती है। जो कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में काम आती है। साथ ही आमजनों को स्टॉल में लगी फोटो प्रदर्शनी के माध्यम अनेक विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त हुई। जिससे वे उन योजनाओं से जुड़कर निश्चित ही लाभांवित होंगे।

# कुसमुंडा खदान में बने अंडर ब्रिज का हुआ उद्घाटन



उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा खदान में श्रमिकों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए अंडरब्रिज का कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कुसमुंडा एरिया जीएम सहित विभाग के अधिकारी, श्रमिक नेतागण उपस्थित रहे। सतर्कता चौक से लगे कोल इंडिया चौक पर भारी भरकम डंपरों के साथ-साथ कर्मचारी अपने वाहनों में ड्यूटी आना-जाना करते थे, इससे यहाँ अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। यहां पर अंडरब्रिज बन जाने से श्रमिकों को आवाजाही में राहत मिलेगी। कोल इंडिया चौक पर भारी संख्या में बड़ी गाड़िया, हल्के वाहन, मोटरसाइकिल्स का आवागमन होता था। जो उनकी सुरक्षा के लिए ठीक नहीं था। बहुत दिनों से माँग थी की अंडरपास बना कर हल्के तथा भारी वाहन के रास्ते अलग कर दिया जाय। अंडर ब्रिज बन जाने से श्रमिकों को आवाजाही में बड़ी राहत मिलेगी।

# विद्यार्थी और प्राचार्यों ने किया शैक्षणिक भ्रमण जानी बिजली उत्पादन की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा के पास अदाणी समूह के पॉवर लिमिटेड (केपीएल) के द्वारा शासकीय विद्यालय के उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों एवं छात्राओं को उद्यमशीलता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिले में उड़ान परियोजना की शुरुआत की है। इसी परिप्रेक्ष्य में कुल 250 विद्यार्थियों ने ग्राम पताड़ी स्थित कोरबा पॉवर लिमिटेड (केपीएल) में भ्रमण किया। अदाणी फाउंडेशन की इस उड़ान परियोजना में जिले के सभी पाँच ब्लाकों के 170 से अधिक विद्यालयों के लगभग 7 हजार विद्यार्थियों को कोरबा पॉवर लिमिटेड में शैक्षणिक भ्रमण कराने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है।





शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उपस्थित स्कूल के शिक्षक।

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बताया कि छात्रों और युवाओं को बड़े सपने देखने और अपनी क्षमता पर विश्वास करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। जिसे अमल में लाने हेतु अदाणी फाउंडेशन द्वारा परियोजना उड़ान के तहत समूह द्वारा क्षेत्र में स्थापित परियोजनाओं में शैक्षिक भ्रमण आयोजित करके भारतीय युवाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करने की अनुपम पहल कर रहा है। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम, सुश्री प्रीति खैरवार, एसके नायक, प्राचार्य एमआर श्रीवास, कोरबा पॉवर लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी समीर कुमार मित्रा एवं सीवीके प्रसाद, अदाणी फाउंडेशन कोरबा के प्रबंधक ताजेंद्र बंजारे, पवन महतो, उड़ान परियोजना के प्रभारी विवेक शर्मा, प्रेमशंकर साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को जर्जर सड़क से करना होगा आवागमन

⏭

जर्जर सड़क होने के कारण जाने वाले किसी के साथ भी हो सकती है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक साल कार्तिक पूर्णमासी में क्षेत्र एवं आसपास दूर दराज से श्रद्धालु नरसिंह गंगा अविरल गिरते झरने में

**खास बात**

- अंचल के लोगों में नरसिंह गंगा के प्रति है आस्था, लगता है मेला

नहाने के लिए जाते हैं तथा वहां पर पिकनिक मना कर वापस लौटते हैं। कुछ साल पहले जब आवागमन का साधन नहीं था तो श्रद्धालु तीन-चार दिन पहले ही आवागमन शुरू कर देते थे। नरसिंह गंगा जो घने वनों से आच्छादित है। जिसकी दूरी चैतमा से 11 किलोमीटर है। इसमें 6 किलोमीटर चैतमा से तिलाई कुंडी 6 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। जबकि तिलाई कुंडी से 5 किलोमीटर जंगल का रास्ता है जो पथरीला है उसी में से होकर श्रद्धालु नरसिंह गंगा पहुंचते हैं। उक्त 5 किलोमीटर रास्ते को वन विभाग द्वारा मिट्टी मुरूम डालकर कुछ हद तक आवागमन लायक बना दिया जाता है। जो प्रधानमंत्री सड़क है इरफ से आगे सड़क से लगा हुआ नाला बहता है नाले में पंचायत द्वारा रफ्ता का निर्माण करवा दिया गया है। जिससे बरसात के दिनों में अत्यधिक पानी का बहाव होने के कारण सड़क कट गई है पिछले वर्ष भी उक्त आधा सड़क वह जाने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी। उक्त सड़क का निर्माण का पक्का निर्माण नहीं होने और बारिश के कारण सड़क खराब हो गई है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है।



नहीं बन सकी नरसिंह गंगा पर्यटन स्थल की सड़क।

# अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ की बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित निजी स्कूल समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ के तत्वावधान में पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक एके गुरुकुल कालेज ढेलवाडीह में 12 बजे संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्राचार्य, संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, छात्र हितों की रक्षा एवं संगठन के भावी कार्यों की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसमें आगामी समय में यूनियन द्वारा सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिले के निजी शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु बेस्ट स्कूल अवार्ड, बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड तथा बेस्ट प्रीसिंपल अवार्ड के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव संदीप केसरवानी, राजकुमार, राकेश दुबे, आलम, आशुतोष धनोदिया, शिवशंकर जायसवाल, धर्म नारायण तिवारी, रमेश तिवारी, रंजिता महंत, अमित सिंह, डहरवाल, आशा यादव पूजा मिश्रा, रंजिता महंत, रंजू लता कश्यप, अनीता जायसवाल, राधेश्याम मनहर, नरेश केंवट, केएल देवांगन उपस्थित रहे।

# एचटीपीएस के विद्युत कर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के सभी वृत्त कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। विद्युत संयंत्र के तकनीकी भवन में मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शपथ ली गई। शपथ में यह दोहराया गया कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने भी भरसक प्रयत्न करूंगा। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को रेखांकित करने के लिए ही उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल अपनी कर्मठता और दृढ़ इच्छाशक्ति से लौहपुरुष माने जाते हैं। उन्होंने देश में स्वतंत्रता के बाद के मुश्किल हालातों में अपनी सूझबूझ और फौलादी इरादों से 562 रियासतों का भारत में विलय कराया। इस तरह उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया।



शपथ लेते एचटीपीएस के कर्मचारी।

# रासेयो इकाई ने प्रशांति वृद्ध आश्रम में किया श्रमदान



श्रमदान के अवसर पर उपस्थित रासेयो के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती अवसर पर डॉ. वायके तिवारी, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला के नेतृत्व में सर्वमंगला मंदिर के पास स्थित प्रशांति वृद्ध आश्रम एवं नवदृष्टि आश्रम में रासेयो साडा के छात्राओं द्वारा श्रमदान का कार्य किया गया। विद्यालय की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक तथा सह प्रभारी रेणुका लदेर के मार्गदर्शन में स्वयं सेविकाओं ने वृद्ध आश्रम के अंदर तथा बाहर साफ सफाई का कार्य किया। श्रमदान कार्य के पश्चात वृद्ध जनों के मनोरंजन हेतु अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे एकल गीत, समूह नृत्य, कविता पठन, जसगीत आदि कार्यक्रमों को भी किया गया। जिसमें वृद्धजनों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में कमला नेहरू महाविद्यालय, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय तथा पीडब्ल्यूडी रामपुर विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयं सेविकाओं ने भी संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# बोईदा स्कूल में एसएमडीसी की बैठक



बैठक के दौरान उपस्थित एसएमडीसी के सदस्य व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में शुक्रवार को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति एसएमडीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि व एसएमडीसी अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने कहा कि विद्यालय हित हेतु हम हमेशा तत्पर हैं एवं छात्रों को उत्तम से उत्तम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए हम हमेशा तैयार हैं विद्यालय भवन, बाउंड्रीवॉल का शीघ्र निर्माण प्रारंभ करने प्रयास हेतु आश्वासन दिये जनपद सदस्य प्रतिनिधि कौशल श्रीवास ने विद्यालय को हमेशा सहयोग पहुंचने की बात कही। सरपंच संजय राज ने भी पूर्ण सहयोग हेतु अस्वस्थ किया प्राचार्य पूनम दुबे ने विद्यालय भवन, बाउंड्रीवॉल, बाउंड्री दरवाजा, ग्राउंड समतलीकरण, खेल ग्राउंड, धान मंडी व्यवस्था एवं विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, गतिविधियों को संचालित करने हेतु अपनी बात रखी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनोज जगत, जनक राम पटेल, राम नारायण पटेल, फिरन राम सिंह प्राचार्य पूनम दुबे, लखन लाल बंजारे, राजेन्द्र कुमार नायक, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी, निहारिका इमानुएल, देवी दयाल सिंह, वीरेंद्र कुर्रे, भारती सिंह तोमर, सुनील कुमार मिश्रा, भाग्यश्री पांडेय,गौरव कुमार सिंह, शिवनारायण जगत, राजेंद्र कुमार कौशिल, रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े श्यामा मरावी, पुष्पेंद्र कंवर के साथ छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# गौवंश संरक्षण पर नोटों व सिक्कों की श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतराष्ट्रीय नोटों व सिक्कों कि विशाल प्रदर्शनी ने बच्चों से लेकर बडों को भी प्रभावित किया। सिक्कों और नोट के साथ डाकटिकट व माचिस के डिब्बों के कवर तक में गौमाता के दर्शन होते रहे। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के सभागार में एक विशाल सिक्कों और अंतराष्ट्रीय नोटों की विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की एनईपी एम्बेसडर काजल खुंटे, दीपशिखा सिंह, रागनी यादव, अंकिता शैलवा तिवारी के साथ श्री तेजकरण जैन, अनिल अग्रवाल व प्राचार्य डॉ मनोज कुमार झा के द्वारा किया गया। जिसमें राजनांदगांव से विशाल श्रृंखला लेकर तेजकरण जैन पहुचे थे। इस संबंध में तेजकरण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वे लगभग 40 वर्षो से गौमाता के सिक्कों और नोटों का संकलन कर रहे हैं। अब उनके पास एक विशाल संकलन हो गया हैं 146 देशों के 476 नोट 144 सिक्कों उनके पास उपलब्ध हैं। जिसमें सभी पर गौवंश का चित्ररण किया गया है। उनके द्वारा प्रदर्शनी निःशुल्क लगाई जाती है। सिक्कों में उनके पास सोने चादी तांबों अन्य घातुओं से निर्मित सिक्कों को विशाल श्रृखला उपलब्ध है। उनके द्वारा भारत में लगभग 50 प्रदर्शनी गौमाता के लिए लगाई गई है।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार टीपर की टक्कर से गौ वंश की मौत

**कोरबा।** शहर के भीतर से बेलगाम होकर तेज रफ्तार दौड़ते ओवरलोड रेत परिवहन वाले टीपर की टक्कर से एक गौ वंश की मौत हो गई। मुख्य मार्ग पर बंटी स्टोर के निकट सीतामढ़ी की ओर से रेत भर कर आ रहे टीपर के चालक ने संकरी सड़क और साप्ताहिक बाजार का दिन होने से भीड़-भाड़ के बावजूद तेज रफ्तार से वाहन चलाकर उक्त गौवंश को टक्कर मार दिया और वहां से चलता बना। उसके पीछे आ रही एक और रेत भरी टीपर भी देखकर निकल गई। रविवार की शाम 5:30 बजे हुए हादसे में गौवंश की मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली थाना से स्टाफ मौके पर पहुंचा और गोवंश को मालवाहन में उठवाकर अंतिम क्रिया के लिए ले जाया गया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की और प्रशासनिक बेबसी का जिक्र करते हुए वाहन चालक पर कार्रवाई तथा टीपर,ट्रेक्टर और शहर में दौड़ते भारी यात्री वाहनों की रफ्तार पर भी लगाम लगाने का आग्रह किया। बता दें कि जिले में रेत के अवैध खनन और परिवहन को राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त है। इन्होंने बरसात के मौसम में जबकि रेत व अन्य खनिज के खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रहता है, उस समय भी नदियों में जेसीबी, ट्रैक्टर और टीपर उतारकर अपना काम धंधा जारी रखा।

### वनांचल स्कूल तराईनार में नया शिक्षक मिलने से होगी बेहतर पढ़ाई

**कोरबा।** पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के सबसे दूरस्थ वनांचल ग्राम पसान के आगे स्थित प्राथमिक शाला तराईनार वर्ष 1997 से शिक्षा की ज्योति जलाए हुए है। घने जंगलों के बीच बसे इस गांव तक पहुंचना आसान नहीं, लेकिन यहां के बच्चों की आँखों में ज्ञान पाने की वही चमक है जो शहरों के विद्यार्थियों में होती है। लंबे समय से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय के रूप में संचालित हो रहा था। प्रधानपाठक श्री मना सिंह मेश्राम को अकेले ही पढ़ाई, कार्यालयीन कार्य, मिड डे मील, विद्यालय प्रबंधन और समुदाय से जुड़ी सभी जिम्मेदारियाँ निभानी पड़ती थीं। छुट्टी या बीमारी की स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। शिक्षक तुलसीदास कौशिक का सहयोग मिला। उन्होंने 5 जून को विद्यालय में जॉइन किया और अब विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हो गया है। विद्यालय में 26 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### छग सर्व ब्राम्हण कल्याण समाज का भूमिपूजन कार्यक्रम

**कोरबा।** छग सर्व ब्राम्हण कल्याण समाज हरदीबाजार के भाटापारा स्थित परशुराम भवन परिसर में वर्तमान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अजय कुमार दुबे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल टंडन, सरपंच लोकेश्वर कंवर के द्वारा भूमिपूजन कराया गया। ब्राम्हण समाज के परशुराम भवन हेतु आहाता निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रुपए, सतनाम भवन में पेवर ब्लॉक, सीसी रोड निर्माण आदि हेतु मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण से कुल 13 लाख बीस हजार के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही जनपद निधि से सी सी रोड निर्माण हेतु 2 लाख रुपए का भी भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के संरक्षक अनिल पांडेय, कोषाध्यक्ष मदन गुरुद्वान, सचिव दिनेश गुरुद्वान, सहसचिव रमाकांत गुरुद्वान, मिडिया प्रभारी विनोद उपाध्याय, प्रदीप पांडेय, योगेश मिश्रा, दिनेश बाजपेई, अशोक मिश्रा,जतिन उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर को आहाता निर्माण हेतु राशि प्रदान करने आभार जताया। विधायक प्रेमचंद पटेल से मंच निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए समाज के आग्रह को स्वीकार करते हुए मंच निर्माण हेतु 3 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही पेयजल हेतु बोर घनन करवाने की बात कही।

## बारिश समाप्त होने के बाद भी लगातार निकल रहे सर्प

# इस साल शहर सहित आउटर में विलुप्त प्रजाति सहित 3 हजार सर्पों का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बारिश समाप्त हो चुका है लेकिन इसके बाद भी शहर और आउटर में विभिन्न प्रजाति के सर्पों का निकलना बदस्तूर जारी है। इस साल के आंकड़ों पर गौर करें तो वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने 3 हजार से अधिक विभिन्न प्रजाति के सांपों का रेस्क्यू कर उसे सफल जंगल में छोड़ा है।

उल्लेखनीय है कि जिले का कोरबा व कटघोरा वनमंडल घने वनों से आच्छादित है। यही वजह है कि यहां विलुप्त प्रजाति के कई सांपों का बसेरा है। खासतौर पर सांपों की बात करें तो मध्य भारत के सबसे विषैला सर्प किंग कोबरा की भी कोरबा के विभिन्न वन परिक्षेत्र में मौजूदगी है। जिनकी लंबाई 13 से 14 फीट लंबी होती है और लगातार इन कोबरा के प्रजाति को बचाने के लिए वन विभाग काम भी कर रही है। साथ ही उनके लिए शोध भी किया जा रहा है उनका कुनबा भी



फाइल फोटो

लगातार बढ़ने के भी संकेत मिल रहे हैं और उनकी बढ़ती संख्या वन विभाग के लिए एक अच्छी खबर है। जिले में विभिन्न प्रकार के और भी विलुप्त प्रजाति के सांपों का बसेरा है। वन विभाग इन सांपों को बचाने के लिए लगातार काम कर रही है। शहर और आउटर के घरों में निकलने वाले सांपों को बचाने के लिए वन विभाग के साथ-साथ वन विभाग के अधीन स्नेक रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सारथी व उनकी टीम लगातार शहर और आउटर में एक्टिव रहती है। इस बारिश में अभी तक वन विभाग के आंकड़ों पर बात करें तो इस साल 3 हजार से अधिक सांपों का विभिन्न स्थानों में स्नेक रेस्क्यू टीम ने सफल रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जंगल में छोड़ने में कामयाबी हासिल की है जबकि वर्ष 2024 की बात करें तो यह आंकड़ा लगभग 2500 के आसपास था लेकिन इस साल सांप निकलने की संख्या में लगातार इजाफा भी हुआ है। बताया जाता है कि बारिश समाप्त होने के बाद भी निरंतर सांप निकलने का सिलसिला जारी है।

### 15 बार से अधिक बार किंग कोबरा का किया गया रेस्क्यू

कोरबा वनमंडल के पसरखेत में मध्य भारत के सबसे विषैला सर्प किंग कोबरा की मौजूदगी थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इनका कुनबा लगातार बढ़ता ही गया है और कोरबा वनमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार किंग कोबरा की मौजूदगी सामने आ रही है। इस साल अब तक वन विभाग व स्नेक रेस्क्यू टीम ने विशालकाय किंग कोबरा 15 बार से अधिक स्थानों में पहुंचकर रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जंगल में छोड़ा है। दो दिन पहले ही वन विभाग की टीम ने किंग कोबरा का रेस्क्यू किया था। लगातार जंगल में उनकी मौजूदगी बढ़ती ही जा रही है जो वन विभाग के लिए अच्छी खबर है वन विभाग इनका डीएनए टेस्ट करने की दिशा पर भी पहल कर रहा है।

### राशन सामग्री के बीच बैठा दिखा चिंगराज सांप

मानिकपुर क्षेत्र के जेपी कॉलोनी में पूर्व पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि सुशील गर्ग द्वारा वाइल्डलाइज रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को सूचना दिया गया कि उनके वार्ड के एक घर में अजीबो गरीब सांप घर में बैठा हैं फिर रात्रि के 9.30 बजे जेपी कॉलोनी निवासी दयाशंकर मिश्रा के यहां पहुंचे। जहां राशन सामग्री के बीच एक काले सफेद रंग का सांप बैठा हुआ था, जो फोरस्टेन कैट स्नेक था जिसको स्थानीय भाषा में बिल्ली सांप एवं चिंगराज बोलते हैं यह सांप कोरबा में पहले भी मिल चुका हैं, यह सांप हल्का जहरीला होता हैं पर इंसानों के लिए खतरा नहीं होता फिर उसको सुरक्षित तरीके से रेस्क्यु कर बाहर निकाल के थैले में रखा गया फिर सांप के विषय में स्थानीय लोगों को जानकारी दिया तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस लिया फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक रहवास जंगल में पुनः छोड़ दिया गया।

## ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक ने मनाया 105वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वप्रथम राज्य एटक के सचिव कामरेड एम एल रजक के द्वारा एटक का झंडा तोलन किया गया उसके पश्चात शहीदों की वेदी पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए मजदूर एवं किसान हित में नारा लगाया गया एटक के स्थापना दिवस के साथ-साथ कामरेड गुरदास दास गुप्ता की पांचवीं पुण्यतिथि भी मनाई गई। स्वागत समिति के द्वारा कामरेड एम एल रजक एवं राज्य एटक के महासचिव कामरेड हरनाथ सिंह का पुष्प नारियल एवं साल से स्वागत किया गया।

बालको एटक के महासचिव कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी श्रमिक साथियों को एटक के 105वां स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि एटक हिंदुस्तान का सर्वप्रथम ट्रेड यूनियन है। इसके संस्थापक लाला लाजपत राय थे। एटक की स्थापना 1920 में हुई जो मजदूर किसान एवं निचले स्तर के लोगों के काम करने के लिए बनाया गया था और आज भी उसी विचारधारा पर काम कर रही है। एटक के 105वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य एटक के महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह ने कहा कि भारत में ब्रिटिश उपनिवेश काल में 31 अक्टूबर 1920 मुंबई में एटक की स्थापना हुई थी। इसके पहले श्रमिकों का कोई भी औपचारिक पंजीकृत यूनियन नहीं था, परंतु ब्रिटिश शासन के दमनकारी नीतियों व बर्बरता व्यवहार तथा श्रम की लूट के विरोध समय-समय पर पूरे देश में हो रहा था कहीं हड़ताल तो कहीं धरना प्रदर्शन। एटक की स्थापना का उद्देश्य मजदूरों के लिए अंग्रेजी शासन से केवल सहूलियत मजदूरी बढ़ाने मात्रा तक की सीमित व बल्कि अंग्रेजी गुलामी से देश को आजाद करना भी था और आजादी के आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें एटक के संस्थापक व देश के महान क्रांति कारी लाला लाजपत राय शहीद हुए। उस समय हमारी लड़ाई अंग्रेजों के साथ होती थी परंतु वर्तमान में हमारी यानी देश के करोड़ों मेहनत कसो की लड़ाई एक ऐसी विशेष विचारधारा से है जो मजदूर, किसान, छात्र नौजवान तथा आम जन व संविधान विरोधी है।

# केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने की तकनीकी पहलुओं के लिए एसईसीएल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली ने एसईसीएल की पारदर्शिता, जवाबदेही और एथिकल गवर्नेंस को सुदृढ़ बनाने के लिए की गई टेक्नॉलॉजिकल एवं डिजिटल पहलों को अपनी वार्षिक प्रकाशन प्रिवेंटिव विजिलेंस मेजर्स में शामिल किया है। इस प्रकाशन में स्मार्ट विजिलेंस, सेफर माइन्स शीर्षक से प्रकाशित आलेख में एसईसीएल की इनॉवेटिव और प्रोग्रेसिव प्रैक्टिसेज़ को रेखांकित किया गया है, जिसमें बताया गया है कि किस प्रकार डिजिटल सिस्टम्स का उपयोग प्रिवेंटिव विजिलेंस, सेफ्टी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी को सुदृढ़ बनाने में किया जा रहा है।

मुख्य पहलों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को डिजिटल विजिलेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दर्शाया गया है। आईसीसीसी के अंतर्गत सीसीटीवी सर्विलांस, व्हीकल



सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग करते कर्मी।

लोड मॉनिटरिंग, फायर और स्मोक डिटेक्शन तथा पीपीई कंप्लायंस को एकीकृत किया गया है। एआई एनालिटिक्स के माध्यम से किसी भी अनियमितता की पहचान रियल टाइम में हो जाती है, जिससे त्वरित एवं प्रिवेंटिव एक्शन संभव हो पाता है। प्रकाशन में एसईसीएल की डिजीकोल पहल का भी उल्लेख किया गया है जो ड्रोन, आईओटी डिवाइसेज़ और एआई एनालिटिक्स की सहायता से माइन प्लानिंग, मॉनिटरिंग और लैंड मैनेजमेंट को अधिक प्रभावी बनाती है। यह प्रणाली रियल टाइम वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस, फ्यूल ट्रैकिंग और इक्विपमेंट परफॉर्मेंस असेसमेंट के माध्यम से वैज्ञानिक खनन एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देती है। सतर्कता के क्षेत्र में एक अन्य उल्लेखनीय कदम फ्यूल डिस्पेंसिंग सिस्टम का ऑटोमेशन रहा है। एसईसीएल ने आरएफआईडी बेस्ड डीडीयू ऑटोमेशन सिस्टम लागू किया है, जिससे केवल ऑथराइज्ड व्हीकल्स और मशीनों को ही फ्यूल प्राप्त हो सकता है। प्रत्येक ट्रांज़ैक्शन का डिजिटल ऑडिट ट्रेल तैयार होता है, जिसकी निगरानी एआई बेस्ड एनालिटिक्स द्वारा की जाती है। इस पहल से फ्यूल मैनेजमेंट में पारदर्शिता, जवाबदेही और उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित हुई है। इसके अतिरिक्त, एसईसीएल के विजिलेंस एंड सिस्टम्स डिपार्टमेंट द्वारा विकसित एआई पावर्ड जटायु डैशबोर्ड एक वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, जहाँ सभी रूल्स, गाइडलाइन्स और सर्कुलर्स तक त्वरित एवं प्रमाणिक पहुँच संभव है। इसमें समाहित एआई चैटबॉट उपयोगकर्ताओं को रूल-बेस्ड वेरिफाइड इन्फॉर्मेशन उपलब्ध कराता है, जिससे डिसीजन मेकिंग प्रोसेस अधिक पारदर्शी एवं तथ्यपरक बनती है। इन सभी पहलों के माध्यम से एसईसीएल ने इंटीग्रिटी एवं टेक्नॉलॉजिकल इनोवेशन की संस्कृति को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। मिनिस्ट्री ऑफ कोल के मार्गदर्शन और सीवीसी की दृष्टि से प्रेरित होकर एसईसीएल सतत रूप से डिजिटल सॉल्यूशंस अपनाते हुए अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और एफिशिएंट संचालन की दिशा में अग्रसर है।

## राज्योत्सव...



**कोरबा।** राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले मे आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया।

### बीएससी नर्सिंग की छात्रा पर कुत्ते ने किया हमला, मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही एक छात्रा सामान लेकर अपने घर जा रही थी कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक युवक के पालतू कुत्ते ने उसके ऊपर अचानक हमला कर दिया। जिससे हमले में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है और उसे 7 टांके भी लगाए गए हैं। जहां उसका उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। छात्रा ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में कुत्ते के मालिक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोरबा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खरमोरा निवासी भावना वाहने, उम्र 24 वर्ष पिता-अजय कुमार वाहने ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बी.एस.सी नर्सिंग अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। खरमोरा में उसके पड़ोस में बीजाधर पासी नामक युवक रहता है। जिसने अपने घर में काला रंग का कुत्ता पाला है। 9 अक्टूबर की सुबह लगभग 10:30 बजे जब भावना सामान लेकर अपने घर आ रही थी तभी पड़ोस के बीजाधर पासी के पालतू कुत्ते के द्वारा भावना को काटते हुए उसके दोनों हाथों को चोट पहुंचाया। जिसके पश्चात भावना के साथ रह रही दोस्त के द्वारा उसे ऑटो में बैठाकर शासकीय जिला अस्पताल कोरबा ले जाया गया और वहीं उसका ईलाज कराया गया एवं भावना को 7 टांके आये हैं। भावना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कुत्ते के मालिक बीजाधर पासी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# बड़मार में हाथियों ने जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले रायगढ़ के छाल रेंज से पहुंचे 38 हाथियों के झुण्ड ने कोरबा वनमण्डल के कुदमुरा रेंज में पीडिया व बड़मार जंगल में अपना डेरा डाल दिया है। हाथियों का झुण्ड यहां दिन भर जंगल में विश्राम करने के बाद सायं होते ही सक्रिय होता है और ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल को रौंदने के साथ तहस-नहस कर रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों के झुण्ड ने बीती रात फिर खेतों में पहुंचकर दोनों ही स्थानों पर 24 से अधिक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को क्षतिग्रस्त कर



दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिये जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा किये गये नुकसानी का आकंलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की।

# घर में गिरी वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला घर में गिर गई थी। चोट लगने पर परिजनों ने उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 की है। यहां निवासरत कमला बाई 75 वर्ष पति बुधराम पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह कमला बाई घर में अचानक गिर गई थी। चोट लगने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# देव दीपावली के दिन होगा महाआरती का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं हसदेव महाआरती के दूसरे दिन मां सर्वमंगला घाट श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। सुबह 9 बजे से

**खास बात**

- पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं हसदेव महाआरती में दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ वेदी पूजन व हवन

दोपहर 2 बजे तक यजमानों ने वैदिक रीति से वेदी पूजन एवं हवन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पहुंचकर हवन कुण्ड



वेदी पूजन करते हुए श्रद्धालु।

में आहूति देते रहे और वेदी की परिक्रमा कर पुण्यलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत 3 नवम्बर को सुबह 9 बजे वैदिक शुभ यज्ञ और हवन, दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कार्तिक महात्म्य कथा श्रवण एवं भजन-कीर्तन तथा सायं दीपदान का आयोजन होगा। 4 नवम्बर को प्रातः 9 बजे वेदी पूजन एवं हवन कार्यक्रम रखा गया है। 5 नवम्बर को होगी भव्य महाआरती, हसदेव मैया को चुनरी चढ़ाई जाएगी। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित देव दीपावली के अवसर पर माँ हसदेव नदी तट पर भव्य आयोजन की तैयारियाँ जोर-शोर से की जा रही हैं। 5 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से हवन पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, चुनरी यात्रा एवं महाआरती का दिव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान सायं 5 बजे घाट को दीपों से सजाया जाएगा और श्रद्धालु दीपदान कर माँ हसदेव से सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411